हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 20 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .0 डिग्री


12 नव वर्ष पर रेलसेवाओं में डिब्बों की बढ़ोतरी...





12 नशा शरीर, परिवार और समाज का बड़ा शत्रु




## खबर संक्षेप

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी थाना पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 24 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद इस मामले में आसलवास निवासी रितेश को गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**कुंड़।** पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 3 नवंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने दादरी के पातुवास निवासी नरेश को गिरफ्तार कर लिया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**कोसली।** पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 28 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने इस केस में जाटूसाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी पकाड़ा

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 19 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के आसमपुर निवासी कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### नाहड़ गांव से युवक लापता

**कोसली।** नाहड़ गांव से एक युवक अचानक लापता हो गया। लापता हुए 31 वर्षीय दीपक कुमार के भाई दिवेक ने बताया कि उनका भाई घर से बिना सूचना दिए चला गया है। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने रविवार को दिवेक की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राहकों का किया जा रहा इंतजार, सोने-चांदी की भौतिक खरीद में भारी कमी

# सोने की तेज चमक लगातार बरकरार स्वर्णकारों को नहीं मिल रहे खरीदार

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

*आमजन की पहुंच से दाम दूर हो चुके हैं, जिस कारण जेवरात बनवाने वाले लोग दामों में कमी आने का इंतजार कर रहे हैं।*

सोने व चांदी के भाव लगातार बढ़ने से पहले सस्ते दामों में खरीद कर चुके लोगों के चेहरों पर जहां चमक देखने को मिल रही है, वहीं दोनों धातुओं की कीमतों में लगातार महंगाई ने स्वर्णकारों का धंधा चौपट कर दिया है। खासकर छोटे दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लोग दोनों प्रमुख धातुओं की भौतिक खरीद से बच रहे हैं, जबकि शेयर की तर्ज पर डिजीटल खरीद-फरोख्त को बढ़ावा मिल रहा है।

सर्राफा करोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि इस समय भले ही सोने व चांदी की कीमतों में काफी वृद्धि हो रही है, परंतु वास्तव में इनका कारोबार करने वाले सुनारों को मंदी की मार से जूझना पड़ रहा है। आमजन की पहुंच से दाम दूर हो चुके हैं, जिस कारण जेवरात बनवाने वाले लोग दामों में कमी आने का इंतजार कर रहे हैं। आम लोगों के वश में इतने महंगों दामों में जेवरात की खरीद करना आसान नहीं है, जिस कारण छोटे स्वर्णकार खाली बैठे ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक सोने-चांदी के बढ़े हुए दामों ने छोटे दुकानदारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिन दुकानदारों ने काफी समय पहले आभूषण बनाने की एडवांस बुकिंग की हुई है, उनके लिए ऑर्डर पूरा करना मजबूरी बना हुआ है। सस्ते दामों में बुकिंग करने वाले सुनारों को भारी नुकसान के हालात से गुजरना पड़ रहा है। जो ग्राहक एडवांस पेमेंट कर चुके, उन्हें पुराने दामों पर ही जेवरात उपलब्ध कराना दुकानदारों की मजबूरी बना हुआ है।

### एडवांस देकर पहले से कराते हैं बुक

बड़ी संख्या में ग्राहक शादी व अन्य अवसरों के समय जरूरत वाले जेवर बनवाने के लिए ऐसे समय में सुनारों से बुकिंग कराते हैं, जब स्वर्ण धातुओं की कीमतें अपेक्षाकृत कम होती है। पैसे लेने के बाद उसी समय कच्चा माल खरीद चुके सुनार घाटे की मार से बच गए। जो सुनार धातुओं के और सस्ता होने का इंतजार कर रहे थे, उनके लिए अब महंगी धातु खरीदना मजबूरी बन गया है। उन्हें पुराने दामों में ग्राहकों को सामान की आपूर्ति करनी है। दाम बढ़ने के बाद ऑर्डर देने वालों ने दबाव भी बनाना शुरू कर दिया है।

### दामों को लेकर सट्टा बाजार एक्टिव

स्वर्ण कारोबारियों के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में बेतहासा वृद्धि होने से इनकी भौतिक खरीद-फरोख्त में काफी कमी आई है। इसके विपरीत डिजिटल व दूसरे तरीकों से निवेश में काफी वृद्धि हो रही है। इस समय दोनों धातुओं की भविष्य की कीमतों को लेकर सट्टा बाजार भी गर्म हो रहा है। लोग इनके दामों में उतार-चढ़ाव को लेकर सट्टा लगा रहे हैं। दामों पर सट्टे के कारोबार में भारी वृद्धि हो रही है। सट्टे के जरिए कुछ लोग मोटा पैसा कमा रहे हैं, तो कुछ लोग मोटी रकम गंवा भी रहे हैं।





रेवाड़ी। शहर की एक ज्वेलरी शॉप में सजे सोने के आभूषण व शहर की एक ज्वेलरी शॉप में सजे चांदी के आईटम।

### अलग-अलग तरीकों से होती खरीद

सोने की खरीद की तरीके-तरीके अलग-अलग हैं। भौतिक खरीद में सोने-चांदी के सिक्के व अन्य जेवरात आते हैं। इनकी खरीद करते समय ग्राहक को गुणवत्ता की कराना जरूरी होता है। खासकर महंगाई बढ़ने पर इनकी शुद्धता को लेकर संशय बना रहता है। सिक्के, बार या ज्वेलरी सही प्लेटफार्म या भरोसेमंद दुकानदार से ही खरीदनी चाहिए। सोना 24 या 22 कैरेट का ही खरीदना चाहिए। 22 कैरेट सोने की शुद्धता 91.6 व 24 कैरेट सोने की शुद्धता 99.9 प्रतिशत होती है।

### डिजिटल या बांड के रूप में खरीद

लोग सोने में निवेश करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का इस्तेमाल भी करते हैं। इसमें फोन-पे व दूसरे भरोसेमंद प्लेटफार्म से कम लागत में खरीद की जा सकती है। ऐप के जरिए 100 रुपये से भी कम लागत पर निवेश की शुरूआत की जा सकती है। शेयर की तरह ही सोने की भी खरीद की जा सकती है, परंतु इसमें साइबर ठगों की ओर से दिए जाने वाले लालच से सावधाना रहना जरूरी है। इसके साथ-साथ सावरेन गोल्ड बांड भी खरीदे जा सकते हैं, जिन्हें रिजर्व बैंक की गारंटी दी हुई होती है।

गिरफ्तारी के बाद अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

# कंपनी का एमडी निकला मोहन हत्याकांड का मास्टर माइंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

बहाला में गत 23 दिसंबर को हुई खाद-बीज विक्रेता मोहन की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस मास्टरमाइंड को काबू करने में सफल रही है। पुलिस ने इस हत्याकांड में एक एग्रो कंपनी के एमडी को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। बहाला निवासी मोहन ने मोहन ट्रेडर्स के नाम से खाद-बीज की दुकान की हुई थी। गत 23 दिसंबर को एक इंडेवर कार में आए सशस्त्र बदमाशों ने मोहन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके बेटे व आसपास के लोगों ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया तो गोली मारने की धमकी देकर आरोपी वहां से फरार होने में कामयाब हो गए थे। सूचना मिलने के बाद कोसली थाना पुलिस के साथ-साथ डीएसपी सुरेंद्र श्योराण और तीनों सीआईए की टीमों ने मौके पर जाकर जांच शुरू की थी। पुलिस ने जिले की सीमाओं को सील करते हुए आरोपियों को काबू करने के प्रयास किए थे, परंतु बदमाश जिले की सीमा से बाहर निकल चुके थे। पुलिस ने वारदात के अगले दिन डॉक्टरों के बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया था। हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी।

### बेटे ने लगाए थे जयवीर पर आरोप

पुलिस बयान में मोहन के बेटे दुष्यंत ने आरोप बताया था कि कुछ समय से उसके पिता का हिसार निवासी जयवीर सिंह से पैसे के हिसाब-किताब को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बारे में भिवानी निवासी अंकित सरोहा और पोपसिंह ने उसे बताया था। उसने आशंका जताई थी कि उसके पिता की हत्या के पीछे जयवीर का ही हाथ है। जांच के बाद पुलिस ने हिसार के मोहब्बतपुर निवासी जयप्रकाश उर्फ जयवीर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से और पूछताछ की जाएगी।

### जल्द काबू होंगे आरोपी

मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ के बाद वारदात में उसके सहयोगी की भूमिका भी सामने आई है, जिसे जल्द काबू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही हत्याकांड से जुड़े सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी।**

## भाकियू चढ़ूनी का किसानों की मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यूनियन के कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय में डीसी अभिषेक मीणा को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से किसानों के बहुत कम पैसे आए है तथा भावांतर भरपाई की राशि अभी तक नहीं दी गई। बीमा कंपनी की ओर से किए गए फसल बीमा के तहत किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। किसानों को अंदेशा है कि सरकार किसान भवन पर कब्जा करेगी। यूनियन के प्रदेश उप प्रधान सत्यवान नरवाल ने कहा कि अगर 2 महीने के अंदर किसानों की मांगे नहीं मानी गई तो पीपली अनाज मंडी में बड़ा विरोध प्रदर्शन होगा। आईटी सेल के संदीप सिंह ने कहा कि सरकार किसान यूनियन की तरफ टेढ़ी नजर से न देखें। अजय राणा ने कहा कि पूरी राष्ट्रीय टीम रेवाड़ी जिले की टीम के साथ खड़ी है। डीसी ने जल्द ही मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया। विरोध प्रदर्शन के बाद आयोजित यूनियन की बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया, जिसमें सविता एडवोकेट को शहरी महिला प्रधान व पूनम को रेवाड़ी ब्लॉक की महिला प्रधान बनाया गया।

## वार्षिक समारोह में रेलवे से रिटायर्ड वरिष्ठ सदस्यों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन की सेवानिवृत्त एसोसिएशन ऑफ रेलवे जिला शाखा की ओर से श्री राम मंदिर ड्रामेटिक क्लब परिसर रेलवे कॉलोनी में वार्षिक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एमके सिंह सहायक मंडल सिग्नल एंड टेलीकॉम इंजीनियर व जितेन्द्र यादव क्षेत्रीय अधिकारी थे, जबकि अध्यक्षता टीपी शर्मा चेयरमैन ने की। कार्यक्रम का संचालन के के सक्सेना जोनल अध्यक्ष व शाखा सचिव ने किया। इस मौके पर अमर सिंह खिलेरी मंडल उपाध्यक्ष, हनुमान दास जैन शाखा सचिव, हरीश बलिया संयुक्त सचिव, कृष्ण कुमार चौधरी उपाध्यक्ष, हरिकिशन शाखा सचिव व जयप्रकाश गुप्ता कार्यकारी चेयरमैन भी उपस्थित थे। केके सक्सेना को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने पर रामाकृष्णमचरूलु राष्ट्रीय महामंत्री का अभार जताया गया। सचिव सक्सेना सचिव ने एसोसिएशन की गतिविधिओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम में 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के एसोसिएशन के सदस्यों में भगवती देवी, अनपत, अन्नपूर्णा ठाकुर, जगननाथ, छच्चुराम, ईश्वर सिंह, लालाराम, रामनिवास महेश्वरी, बंशीधर, हरफूल सिंह, श्रीकिशन, शिव कुमार यादव, भगवान सिंह मीणा, नत्थुराम, नरेश कालड़ा, धर्मवीर यादव, तिलक राज, चंदर भान, ललाई सिंह, योगध्यान नागपाल, कृष्ण कुमार गुप्ता, त्रिलोक चंद शर्मा, विजय मलिक व अजीत सिंह राव को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिसंबर माह में जन्में आरपी यादव, सत्यनारायण, राम यादव, दयाराम सेन, सोमदत्त, ईश्वर सिंह, धर्मी देवी, गोकल चंद, सादुल सिंह, यतेन्द्र सिंह यादव, सुरेश कुमार व लालाराम का भी सम्मान किया गया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्यों का सम्मान करते हुए।

### कोसली क्षेत्र में दो करोड़ 30 लाख की राशि से कराए जा रहे विकास कार्य

**कोसली।** कोसली विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ 30 लाख से अधिक राशि के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक अनिल यादव ने विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया है। विधायक अनिल यादव ने बताया कि कोसली में लघु सचिवालय की बिल्डिंग के सुधार तथा नवनिर्माण के लिए एक करोड़ 43 लाख रुपए की राशि खर्च की जा रही है। कार्य फिलहाल प्रगति पर है। इसके अलावा कोसली खेल स्टेडियम के सुधार के लिए 38 लाख 20 हजार रुपए और गुरावड़ा के खेल स्टेडियम का सुधार कराने के लिए 48 लाख 52 हजार रुपए की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्य पूरा होने पर दोनों गांवों के खिलाड़ियों को उत्तम खेल सुविधाएं मिल सकेंगी।

## खुर्मपुर में व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत

- मायके में रह रही पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप
- बिना पोस्टमार्टम कर दिया शव का अंतिम संस्कार, बावल थाना पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल

खुर्मपुर के करीब 50 वर्षीय व्यक्ति की रविवार की रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत का कारण छत से गिरना बताकर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। मायके में रह रही पत्नी को पता चला, तो उसने अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना बावल पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी।

गांव निवासी बिरेंद्र की जमीन को काफी समय पहले एक महिला के नाम कराया गया था। इस बात को लेकर बिरेंद्र का अपनी पत्नी सरिता के साथ विवाद हो गया था। बिरेंद्र के तीन बच्चे हैं। सरिता एक लड़के व एक लड़की के साथ अपने मायके में रह रही थी। बड़ी बेटी शादी के बाद ससुराल में रह रही है। रविवार की रात बिरेंद्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों व आसपास के लोगों का कहना है कि छत से गिरकर बिरेंद्र की मौत हुई थी। बाद में बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद ससुराल पहुंची सरिता ने अपने पति की हत्या करने और सबूत मिटाने के लिए अंतिम संस्कार करने के आरोप लगाए, तो बावल थाना पुलिस हरकत में आ गई।

### गांव के कई लोगों पर आरोप

सरिता ने पुलिस को दर्ज शिकायत में गांव की कुछ महिलाओं और पुरुषों पर अपने पति की हत्या के आरोप लगाए हैं। उसने पुलिस शिकायत में बताया कि गांव के लोगों ने उसके पति की मौत की सूचना बड़ी बेटी को दी थी। जिसके बाद बेटी ने उसे भी फोन पर सूचना दी। वह अपने परिवार के लोगों के साथ ससुराल पहुंची, तो उसे घर में भी नहीं घुसने दिया। इसके बाद उसने पुलिस को फोन किया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### मामले की जांच की जा रही



महिला की शिकायत मिलने के बाद घटनास्थल का मौका मुआयना किया जा रहा है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पति-पत्नी कुछ समय अलग रह रहे थे। बिरेंद्र की मौत के बाद पत्नी ने हत्या के आरोप लगाए हैं। मामले की पूरी जांच के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकेगा।

**-संजय कुमार, एसएचओ बावल।**



रेवाड़ी। कैंप में बुजुर्ग की जांच करते हुए डा. आरबी यादव। फोटो : हरिभूमि

### यादव कल्याण सभा का फ्री हेल्थ जांच कैंप व मासिक बैठक का आयोजन

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कैंप में 138 मरीजों को फ्री ओपीडी सेवाएं व दवाईयां प्रदान की गई। डा. विक्रम यादव ने मेडिसन, डा. आर बी यादव ने हड्डीरोग, डा. प्रदीप यादव ने सर्जरी, डा. कंचन यादव ने नेत्ररोग व डा. अजीत सिंह यादव ने चर्मरोग के मरीजों की स्वास्थ्य जांच की तथा लेफ्टिनेंट पूर्णसिंह यादव ने फिजियोथेरेपी में सेवाएं प्रदान की। कैंप के बाद यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई। जसवंत सिंह यादव जनरल सेक्रेटरी ने सभा की महीने की विभिन्न गतिविधियों व आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। सभा के प्रधान ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों का सभा के कार्यों में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने ऑडिटोरियम के पैंडिंग कार्य को जल्द पूरा कराने का भी आश्वासन दिया। मीटिंग में अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ विश्वविद्यालयों में दाखिलों व सरकारी नौकरियों में किए जाने वाले भेदभाव पर गहन चिंता व्यक्त की।

आज से मौसम में बदलाव की संभावना, बादलों के साथ छा सकता है कोहरा

# कड़ाके की ठंड के संकेत, दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

साल के अंतिम दिनों में दिन के समय ठंड का असर बढ़ना शुरू हो गया है। अभी तक दिन के समय मौसम गर्म हुआ था। रात को ही ठंड का ज्यादा असर देखने को मिल रहा था। अब दिन और रात के तापमान में एक साथ गिरावट दर्ज की गई है, जिससे हाड़ कंपाने वाली ठंड का असर जल्द देखने को मिल सकता है।

सोमवार को सुबह से ही मौसम साफ बना रहा। दिन में आसमान साफ रहने से तेज धूप निकली, परंतु एक सप्ताह बाद दिन के तापमान में ज्यादा कमी देखने को मिली। अधिकतम तामपान 4.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 20.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 76 प्रतिशत रहा, जबकि हवा की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दिन का तापमान अभी भी सामान्य से अधिक चल रहा है, जिससे लोगों को दिन के समय भारी सर्दी के प्रकोप का सामना अभी तक नहीं करना पड़ा है। गत वर्ष 29 दिसंबर को अधिकतम तापमान 14.0 डिग्री और न्यूनतम 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन-रात के तापमान में काफी कम अंतर रहने के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा था। इस बार दिसंबर माह में बारिश नहीं हुई है। गत वर्ष तीन बार हल्की बारिश ने मौसम ठंडा बना दिया था। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन में मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादल और बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।





रेवाड़ी। सोमवार सुबह अनाजमंडी में छाया कोहरा व सोमवार को सरकुलर रोड से कोहरे में गुजरते वाहन।

### कोहरे से मिली हुई है निजात

दिन के समय मौसम लगातार साफ बना रहने से कोहरे का असर इस बार देखने को नहीं मिला है। चार दिन पहले आसमान में बादलों के बाद कोहरे के दर्शन हुए थे। इसके बाद आसमान लगभग साफ बना रहता है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा नजर आता है। विजिबिलिटी खराब नहीं होने के कारण वाहनों की रफ्तार इससे प्रभावित नहीं हो रही है। नए साल के शुरू में मौसम में बदलाव के चलते कोहरे का प्रकोप भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान सड़कों पर वाहनों की रफ्तार प्रभावित रहेगी।

### फसलों के अनुकूल बना मौसम

दिन के समय मौसम गर्म बना रहने से गेहूं और सरसों की फसलों को नुकसान की आशंका बनी हुई थी। दिन का पारा गिरने और ठंड का असर बढ़ने से दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा। इस समय सरसों की फसल में दाना बनना शुरू हो गया है। बारिश नहीं होने से किसानों को दोनों फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अगर इस समय बरसात होती है, तो वह दोनों फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इससे एक्यूआई में भी सुधार आए। सोमवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 257 दर्ज किया गया। सुबह के समय प्रदूषण का स्तर ज्यादा रहता है, जबकि दिन के समय धूप के कारण कम हो जाता है।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक मंगलवार 30 दिसंबर 2025



नव-वर्ष विशेष 2026



# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार



नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं।



स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'

**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना यही सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजाती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं है। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी।

अस्तु..।



### बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

**स्त्री की** संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बचाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप

नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

---

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

जीवनशैली

डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोल:** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातें:** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएं:** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



### सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

---

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप

निकिता चौहान

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)**

---


भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

### नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

### नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

**प्रस्तुति: अंशु सिंह**

## खबर संक्षेप

### 200 मीटर दौड़ में अलका कुमारी प्रथम

**नांगल चौधरी।** सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल के प्राचार्य महेंद्र शर्मा व निदेशक बिरेंद्र सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बताया कि 100 मीटर दौड़ में नवीन पुत्र शीशराम, अंशु पुत्र रवि व पायल पुत्री विजेता रही है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 पुलिसकर्मी सम्मानित

**नारनौल।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर अंकुश लगाने व कार्यालय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सम्मानित किया है। एसपी पूजा वशिष्ठ ने बेहतरीन कार्य करने वाले 15 टीमों के कुल 40 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार के मुताबिक पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सराहनीय कार्य करने वाले सीआईए की टीम निरीक्षक संदीप सहित अन्य को सम्मानित किया।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में विजेता सम्मानित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नीट में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल में चयनित छात्र सचिन पुत्र संदीप कुमार व गणित विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने कहा कि सचिन की उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व की बात है।

### अतरलाल ने आचार्य का किया अभिनंदन

**नारनौल।** धनौन्दा गांव में चल रहे छह दिवसीय ऋग्वेद महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ ब्रह्मा आचार्य सत्यव्रत का नागरिक अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने यज्ञ ब्रह्मा सत्यव्रत को केसरिया साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान आर्य वैदिक विद्वान सत्यव्रतानंद, पूर्व मुख्याध्यापक रामौतार बिघोपुर, स्वामी एकतानंद व वेदपाठी तरूण शास्त्री को भी सम्मानित किया गया।

### कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**नांगल चौधरी।** भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना। यह आयोजन स्थानीय स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय और मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। दयाराम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

### हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा देश : प्रो. शर्मा

**महेंद्रगढ़।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 129वां एपिसोड सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत की युवा शक्ति को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया। आज भारत के युवा हर क्षेत्र में नई-नई तकनीकों को अपनाकर निरंतर उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। यहीं कारण है कि वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ रही है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# कृषि विभाग की योजना : अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीद पर मिलेगा 3 लाख का अनुदान

*15 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन, आवेदन लक्ष्य से ज्यादा आए तो ड्रा से होगा चयन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा कृषि विभाग ने राज्य के अनुसूचित जाति के किसानों को नये ट्रैक्टर की खरीद पर अनुदान देने का फैसला किया है। इसके लिए 15 जनवरी तक एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि निदेशालय की ओर से जारी हिदायतों के मुताबिक जिला के अनुसूचित जाति के किसानों को 45 हॉर्स पॉवर से ऊपर के नये ट्रैक्टर की खरीद पर एसबी 89 स्कीम के तहत तीन लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि निदेशालय द्वारा जिले में उक्त स्कीम के तहत अनुदान पर 45 हॉर्स पॉवर से ऊपर के ट्रैक्टर पर अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान दिया जाएगा। विभाग ने यह फैसला इसलिए लिया है कि अनुसूचित जाति के किसान विभाग की उन अनुदान स्कीमों का लाभ उठा सकें, जहां प्रार्थी के पास खुद का ट्रैक्टर होने की शर्त होती है। विभाग की ओर से निरंतर कई स्कीमों के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर किसानों को ट्रैक्टर चालित कृषि यंत्र अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। जिनमें वही किसान आवेदन कर सकता है, जिनके पास खुद का ट्रैक्टर है और इस स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को रोजगार मिल सके और उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सके।

**»** *45 हॉर्स पॉवर से ऊपर के ट्रैक्टर लेने पर ऑफर*

**»** *किसान ट्रैक्टर लेने के बाद पांच साल तक बेच नहीं सकेंगे*

#### आवेदन की शर्तें

इंजीनियर दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि निदेशालय की ओर से जारी हिदायतों के मुताबिक उपरोक्त स्कीम में वही अनुसूचित जाति के किसान आवेदन कर सकते हैं। जिनके पास स्वयं की भूमि हो, परिवार पहचान पत्र के अंतर्गत परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भूमि स्वामित्व भी मान्य और जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्टर्ड हो। विभागीय पोर्टल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन करते समय प्रार्थी को स्वयं के नाम की भूमि होने पर प्रमाण पत्र व अंडरटेकिंग विभागीय पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। आवेदक किसान ने ट्रैक्टर पर पिछले पांच सालों में कृषि विभाग से अनुदान नहीं लिया होना चाहिए। हिदायतों के मुताबिक अनुदान पर हासिल किए गए ट्रैक्टर को किसान अगले पांच सालों तक बेच नहीं सकेंगे। इस बारे में किसान को शपथ पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

#### भौतिक सत्यापन के बाद मिलेगा अनुदान

डीलर की ओर से प्रस्तुत विवरण का सत्यापन सम्बन्धित निर्माता द्वारा अपने पोर्टल लॉग इन के माध्यम से किया जाएगा। निर्माता की ओर से सत्यापन के पश्चात डीएलईसी द्वारा गठित समिति ट्रैक्टर का भौतिक सत्यापन करेगी और सफल भौतिक सत्यापन एवं डीएलईसी की स्वीकृति के पश्चात सब्सिडी की राशि सीधे सम्बन्धित किसान के बैंक खाते में जमा की जाएगी, जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत हो।

#### ऐसे होगा चयन

आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। यदि आवेदन निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्राप्त हुए तो उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा ड्रा ऑफ लोटस के जरिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। चयन उपरान्त सम्बन्धित किसान को अपने दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता कार्यालय नारनौल में वेरिफिकेशन के लिए जमा करवाने होंगे। वेरिफिकेशन उपरान्त परमिट जारी किए जायेंगे। विभाग की ओर से लक्ष्यों का निर्धारण जिले में मेरी फसल मेरी ब्यौरा पर रजिस्टर्ड किसानो के डाटा के अनुसार किया जाएगा। चयन के उपरान्त सम्बन्धित किसान को विभाग द्वारा अनुमोदित ट्रैक्टर निर्माताओं से 15 दिन के अंदर अंदर ट्रैक्टर खरीदना होगा। वैध टेस्ट रिपोर्ट रखने वाले निर्माताओं को स्वतः स्वीकृत किया जाएगा तथा उनकी सूची किसानों की जानकारी के लिए विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी, चूंकि ट्रैक्टर का पंजीकरण अनिवार्य है और यह हरियाणा परिवहन विभाग द्वारा टेस्ट रिपोर्ट एवं सीएमवीआर रिपोर्ट की शर्तें पूरी होने पर किया जाता है।

## अरावली केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं बल्कि जीवन रेखा : कृष्ण राव

# अरावली बचाने के लिए कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च, नारेबाजी

*सुप्रीम कोर्ट की ओर से अरावली को लेकर दिए गए 20 नवंबर के फैसले पर रोक लगाने का आदेश स्वागत योग्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुभाष पार्क से लेकर लघु सचिवालय तक विरोध मार्च निकाला। इसके बाद लघु सचिवालय में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर नांगल चौधरी से विधायक मंजू चौधरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुनीत बलान, रेवाड़ी युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजप्रकाश व पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृष्ण राव ने कहा कि अरावली बचाओ आंदोलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आमजन की सांसों, भविष्य व अस्तित्व से जुड़ा जन आंदोलन है। कृष्ण राव ने कहा कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने जिस गलत नियत से कोर्ट में पैरवी की वो बेहद निंदनीय है और दुर्भाग्यपूर्ण रहा की पहाड़ों को ऊंचाई के आधार पर अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा में बदलाव किया जा रहा है, जो ना केवल हमारे आज के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों पर भी गहरा असर डालेगा। कृष्ण राव ने सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले को कांग्रेस व आमजन के संघर्ष की जीत बताते हुए कोर्ट का आभार जताया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से अरावली को लेकर दिए गए 20 नवंबर के फैसले पर रोक लगाने का आदेश स्वागत योग्य है। यह आदेश उन सभी लोगों की जीत के जैसा है, जो पिछले एक महीने से इस हेतु संघर्षरत थे और हम आशा करते हैं कि आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट से अरावली को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए ऐतिहासिक निर्णय आएगा। इस अवसर पर विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि अरावली हमारी जीवन रेखा है। वहीं भाजपा सरकार की इसको लेकर मंशा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पर्वत श्रृंखला की वजह से न केवल राजस्थान, बल्कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के लोगों को भूगौलिक रूप से बहुत फायदा हो रहा है। महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी क्षेत्र में पहले ही खनन के कारण अरावली छलनी होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर सरकार की मंशा इस पर्वत श्रृंखला को खत्म करने की है। इस मौके पर युवा अध्यक्ष पुनीत बलान ने कहा कि अरावली एक नाम ही नहीं, बल्कि यह एक जीवन है। अरावली पर्वत श्रृंखला में हजारों जीव जंतु विचरण करते हैं। इससे हरियाणा, राजस्थान व गुजरात के लोगों को बहुत फायदा होता है। इसलिए अरावली का रहना सभी के लिए जरूरी है।



नारनौल। प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**»** *विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि अरावली हमारी जीवन रेखा, सरकार की मंशा सही नहीं*


नारनौल। अरावली बचाने को एकजुट हुए हुडा में रह रहे बुद्धिजीवि। फोटो : हरिभूमि

### किसी पर्वत का महत्व केवल उसकी ऊंचाई से नहीं: ओपी यादव

नारनौल। हुडा सेक्टर एक में अरावली बचाओ मंच के तत्वावधान में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली क्षेत्र से संबंधित हालिया निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभावों पर गहन विचार-विमर्श करना रहा। इस संगोष्ठी का आयोजन दो बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. आरएन यादव द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता प्रसिद्ध भू-वैज्ञानिक ओपी यादव ने की। कार्यक्रम में मंच के विशिष्ट सदस्यों एवं आमंत्रित वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए अरावली संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में भू-वैज्ञानिक ओपी यादव ने सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की, जिसमें 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पर्वतों को अरावली श्रेणी से बाहर रखने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी पर्वत का महत्व केवल उसकी ऊंचाई से नहीं, बल्कि उसकी भू-वैज्ञानिक संरचना, भूजल पुनर्भरण क्षमता और जैव-विविधता से निर्धारित होता है। अरावली पर्वत श्रृंखला उत्तर भारत की पारिस्थितिकी के लिए जीवनरेखा है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां भी भूजल रिचार्ज, जलवायु संतुलन, जैव-विविधता संरक्षण तथा मरुस्थलीकरण को रोकने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## आरपीएस में क्लेट व एलेट टॉपर्स के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित


महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट एन्ड सेशन जज आंचल अग्रवाल ने कहा कि न्यायपालिका केवल एक करियर नहीं, बल्कि समाज की सेवा और संविधान की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम है। आज आरपीएस के इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता प्राप्त की है, वह उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप ने एकबार फिर साबित कर दिया है कि यहां की शिक्षा पद्धति राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 101 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लेट क्वालीफाई किया है, जिसमें कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में एआईआर-1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसके साथ ही पीयूष ने भी हरियाणा रैंक-1, महक एआईआर-3, एलेट और स्पंदन एआईआर-27 एलेट जैसी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। इसके अलावा क्लेट में अक्षिता रैंक, ऋषभ रैंक, महक रैंक, ज्योति रैंक 2 प्राप्त किया।

#### मेधावियों के चेहरे खिले

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने टॉपर्स और क्वालीफायर्स को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि शिखर कार्यक्रम उन सपनों का उत्सव है, जो विद्यार्थियों ने खुली आंखों से देखे थे। आरपीएस परिवार अपने विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है।


नारनौल। डॉ. संजय वर्मा को शिक्षा श्री सम्मान से सम्मानित करते हुए।

### डॉ. वर्मा को मिला शिक्षा श्री सम्मान पुरस्कार

**नारनौल।** श्री गणेश फाउंडेशन एजुकेशन सोसायटी नसीबपुर की ओर से संचालित श्री गणेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षा श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, गुरुकुल बीएल मोहता लर्निंग इंस्टीट्यूट एवं स्वामी विवेकानंद कॉलेज फॉर प्रोफेशनल स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय सेमिनार में प्रदान किया गया। गौरतलब है कि राजस्थान के सींथल बीकानेर में देश की आधी आबादी नारी शक्ति का पूर्ण योगदान विषय पर दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। जिसमें देश विदेश के सैकड़ों शिक्षाविदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सेमिनार में डॉ. संजय कुमार ने शकुंतला का जीवन चरित्र एवं वर्तमान परिपेक्ष में इसका महत्व विषय पर पत्र वाचन किया।

## लेफ्टिनेंट प्रवीण व डॉ. अनुज का किया नागरिक अभिनन्दन

- जैलाफ में दोनों प्रतिभाशाली युवाओं को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव जैलाफ में लेफ्टिनेंट प्रवीण कुमार व डॉ. अनुज के सम्मान में नागरिक अभिनंदन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त कर्नल चंदगीराम ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच अमर सिंह, रामफल, कैलाश, श्रीचंद महाशय थे। सर्वप्रथम गांव की तरफ से माला पहनकर दोनों बच्चों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात विकास बरगड, कृष्ण रावत, लक्ष्य बरगड पुत्र डॉ धर्मपाल की तरफ से स्मृति चिह्न देकर दोनों बच्चों को सम्मानित किया। प्रवीण कुमार पुत्र जगमाल ने पहले ही प्रयास में एनडीए पास कर लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर यह सफलता प्राप्त की है। अनुज पुत्र शीशराम ने नीट की परीक्षा पास कर पहले ही प्रयास में पीजीआई रोहतक में एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। इस अवसर पर सरपंच समर सिंह ने दोनों होनहार बच्चों को बधाई दी।


नारनौल। लेफ्टिनेंट प्रवीण व डॉ. अनुज को सम्मानित करते ग्रामवासी।

## पूर्व मंत्री ने केबीसी प्रतिभागी सचिन को किया सम्मानित

- अभय यादव ने सचिन अग्रवाल की प्रतिभा को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने सचिन अग्रवाल के निवास पर भेंट की। इस दौरान उन्होंने सचिन से मुलाकात कर उनके भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। गौरतलब है कि सचिन अग्रवाल हाल ही में कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन के साथ हॉटसीट तक पहुंचे और साढ़े सात लाख रुपये की राशि जीती थी। उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. यादव ने बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। उन्होंने सचिन को निरंतर परिश्रम, सकारात्मक सोच व समाज के प्रति जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। डॉ. अभय सिंह यादव प्रशासनिक सेवाओं व सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे अनुभव के लिए जाने जाते हैं।


नारनौल। सचिन अग्रवाल को सम्मानित करते पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव।

## दौंगड़ा अहीर में जजपा का जिला युवा योद्धा सम्मेलन आयोजित

# एचटेट परीक्षा परिणाम में प्रदेश का सबसे बड़ा घोटाला : चौटाला

*जजपा नेता बोले प्रदेश का हर वर्ग सरकार से दुःखी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जननायक जनता पार्टी की ओर से दौंगड़ा अहीर चौक पर जिला युवा योद्धा सम्मेलन महायुवा योद्धा सम्मेलन बन गया। इसमें आए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आप लोगों के मेहनत की वजह से पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित जींद जिले के जुलाना में आयोजित रैली की सफल हुई। चौटाला ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज करते हुए कहा कि कानून का बहुत बुरा हाल है, प्रदेश में कोई भी वर्ग खुश नहीं है, अपने आप को कोई भी सुरक्षित नहीं समझता। सरेआम व्यापारियों को धमकियां मिल रही है, जनता के साथ लुट खसूट हो रही है। आए दिन प्रदेश में औसतन तीन हत्याएं व पांच बलात्कार हो रहे हैं, छोटी छोटी बच्चिया भी प्रदेश में सुरक्षित नहीं है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री का सरकारी कर्मचारी व प्रदेश ओर विदेश में बैठे गुंडों में कोई डर भय नहीं है, सरकारी कर्मचारी चाहे वह चपरासी ही क्यों ना हो, वह मंत्री, विधायकों को कुछ नहीं समझता, उनका फोन उठाना भी मुनासिफ नहीं समझता। डीजीपी साहब को थार गाड़ी व बुलेट मोटरसाइकिल का सवार गुंडा नजर आता है। गुंडे सरेआम प्रदेश में गोलियां लहराते हुए घूम रहे हैं। 24 फसलों को उंच पर खरीद का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी का कोई भी एक नुमाइंदा बताएं कि कौन से फसल का मूल्य दिया गया है।


नारनौल। सम्मेलन में मौजूद जजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### युवा ठगा महसूस कर रहे

प्रदेश अध्यक्ष ब्रिज शर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2029 में आपकी सरकार बनेगी, आपका अपना मुख्यमंत्री बनेगा। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश का युवा वर्ग बीजेपी को वोट देकर अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। अध्यापक पात्रता परीक्षा परिणाम हरियाणा का सबसे बड़ा शिक्षा के नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ है, जल्द ही सबूत के साथ इसका पर्दाफाश किया जाएगा। कैसे अपने चाहतों को नौकरियां दी गई है, रिजल्ट में पास करवाने के नाम पर पांच लाख दिए गए हैं, कैसे शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन ने सरकार के आदेश पर लिस्ट को बदला है। इस मौके पर जिला प्रभारी राकेश जाखड़, प्रदेश के प्रधानमंत्री प्रोफेसर संदीप सिंह, युवा के प्रदेश महासचिव राजू पाई, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, दादरी के जिला प्रधान रविंद्र सांगवान, अनमोल गुप्ता, कुलदीप जांगड़ा, शेरू महरमपुर, योगी अदलपुर, हैप्पी तंवर, जयवीर फौजी, अभिषेक शर्मा, बजरंग गुर्जर, कुणाल शुक्ला, ज्योति रेवाड़ी, विपिन माजरा, सन्नी रेवाड़ी, महिपाल गुर्जर, अशोक नांगल दुर्गा, अनुज तलवाना, राजेश रावत, जोनी तंवर, महिपाल गुर्जर, इशू तंवर, हरचंद तोबड़ा, अशोक सैनी, हजारी लमोरा, रामकुमार मक्शुसपुर, राजकुमार जांगड़ा, बेदू राता, दिनेश राजपूत, सुरेन्द्र प्रधान, प्रमोद ताखर, विनोद भील सहित अन्य मौजूद रहे।

### इंडस वैली में स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में शिक्षकों के मानसिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को तनावमुक्त रखते हुए उनके कार्य एवं व्यक्तिगत जीवन में संतुलन स्थापित करना रहा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में पूनम नेहरा एवं पूजा कौशिक ने सहभागिता की। विद्यालय के लगभग 60 शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया और तनाव प्रबंधन से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। पूनम नेहरा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों पर बढ़ते कार्यदबाव के कारण मानसिक तनाव स्वाभाविक है।

## खबर संक्षेप

### चेयरपर्सन 5 को सुनेंगी लोगों की शिकायतें

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया 5 जनवरी को रेवाड़ी में शिकायतों की सुनवाई करेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि चेयरपर्सन रेनू भाटिया आगामी सोमवार को प्रातः 11:30 बजे लघु सचिवालय सभागार में शिकायतों की सुनवाई करेंगी। इस मौके पर विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### फैसिलिटेशन सेंटर का किया उद्घाटन

**बावल।** बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने सोमवार को वार्ड नंबर-3 बावल में सिटीजन फैसिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एडवोकेट सिंहराम महलावत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, नगर पालिका प्रधान वीरेंद्र महलावत, उपप्रधान अर्जुन सिंह चौकन, वार्ड की पार्षद अनीता कुमारी व निहाल सिंह चौकन मंडल महामंत्री सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सिंहराम महलावत ने विधायक का गुलदस्ता व पगड़ी भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर बावल क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी की गई।

### प्रशिक्षुओं को बताया पर्यावरण का महत्व

**कोसली।** कोसली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर खेजड़ी बचाओ अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षु विद्यार्थियों को खेजड़ी वृक्ष के संरक्षण व उसके पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी गई। वन विभाग के फोरेस्टर राजेश यादव व श्याम लाल ने बताया कि खेजड़ी वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा यह स्थानीय जैव विविधता और ग्रामीण जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। अभियान के माध्यम से वृक्षों की अवैध कटाई रोकने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खेजड़ी वृक्ष के संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### एकादशी पर श्याम बाबा का संकीर्तन आज

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से पुत्रदा एकादशी के अवसर पर 30 दिसंबर को 124वें श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा।

---

**उम्मीद 2026:** रेलवे की ओर से एक जनवरी से 32 जोड़ी रेल सेवाओं में बढ़ाए जाएंगे विभिन्न श्रेणी के 78 डिब्बे

# नव वर्ष पर रेलसेवाओं में डिब्बों की बढ़ोतरी से यात्रियों को मिलेंगी राहत

एक जनवरी से फरवरी के पहले वीक तक डिब्बों होगी बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

रेलवे की ओर से नव वर्ष पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 32 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 78 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि रेलसेवाओं में एक जनवरी से फरवरी के पहले वीक तक डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। ट्रेनों में द्वितीय शयनयान, थर्ड एसी, द्वितीय कुर्सीयान, वातानुकुलित कुर्सीयान, फर्स्ट मय सैकेड एसी व साधारण श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए जा रहे है।

इन ट्रेनों में जनवरी से बढ़ाए जाएंगे कोच गाड़ी संख्या 22471/22472, लालगढ-दिल्ली सराय-लालगढ रेलसेवा में लालगढ से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा दिल्ली सराय से 3 जनवरी से 2 फरवरी तक 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा उदयपुर सिटी से 2 जनवरी से 1



■ ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोत्तरी से यात्रियों की परेशानी होगी कम : शशि किरण

फरवरी तक 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 5 जनवरी से 28 जनवरी तक तथा अमृतसर से 6 जनवरी से 29 जनवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19608/19607 मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 5 जनवरी से 26 जनवरी तक एवं कोलकाता से 8 से 29 जनवरी तक 1 सैकेड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12065/12066 अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर जन शताब्दी रेलसेवा में 2 जनवरी से 31 जनवरी तक 2 वातानुकुलित कुर्सीयान व 1 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19701/19702 जयपुर-दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा दिल्ली कैंट से 3 जनवरी से 2 फरवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा वाराणसी सिटी से 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14864/14863 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा वाराणसी सिटी से 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक तथा वाराणसी सिटी से 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। मदार-रेवाड़ी ट्रेन में बढ़ाए 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की बढ़ोत्तरी की जा रही है।



रेवाड़ी। रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटोः हरिभूमि

### एक जनवरी से 31 जनवरी तक बढ़ेंगे अस्थाई डिब्बे

गाड़ी संख्या 19620/19619 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 से 31 जनवरी तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19622/19621 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 से 31 जनवरी तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा में 1 से 31 जनवरी तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14795/14796 भिवानी-कालका-भिवानी रेलसेवा sतक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा में 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14725/14726 भिवानी-मथुरा-भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 3 जनवरी से 2 फरवरी तक एवं मथुरा से 4 जनवरी से 3 फरवरी तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14715/14716 हिसार-जयपुर-हिसार रेलसेवा में हिसार से 1 से 31 जनवरी तक एवं जयपुर से 4 जनवरी से 3 फरवरी तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14734/14733 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 54704/54703, जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 3 जनवरी से 2 फरवरी तक एवं बठिंडा से 4 जनवरी से 3 फरवरी तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 12495/12496 बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 1 से 29 जनवरी तक एवं कोलकाता से 2 से 30 जनवरी तक 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 22473/22474 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 5 से 26 जनवरी तक एवं बांद्रा टर्मिनस से 6 से 27 जनवरी तक 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बें की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

### जयपुर-दिल्ली सराय डबल डेकर में बढ़ेगा

गाड़ी संख्या 20485/20486 जोधपुर-साबरमती-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक एवं साबरमती से 3 जनवरी से 2 फरवरी तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक एवं जैसलमेर से 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12988/12987 अजमेर-सियालदाह-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक एवं सियालदाह से 2 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 फर्स्ट मय सैकेड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09653/09654 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 3 से 31 जनवरी तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 4 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14735/14736 श्रीगंगानगर-अम्बाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 से 31 जनवरी तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04705/04706 श्रीगंगानगर-जयपुर-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 से 31 जनवरी तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04711/04712 बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से 7 से 28 जनवरी तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 8 से 29 जनवरी तक 1 द्वितीय शयनयान व 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 22497/22498 श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा श्रीगंगानगर से 5 से 26 जनवरी तक एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 9 जनवरी से 30 जनवरी तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरूच्चिराप्पल्लि-भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा में भगत की कोठी से 7 से 28 जनवरी तक एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 10 से 31 जनवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 12985/12986 जयपुर-दिल्ली सराय-जयपुर डबल डेकर रेलसेवा में 1 से 31 जनवरी तक 1 वातानुकूलित कुसीर्यान श्रेणी डिब्ब की बढ़ोतरी की जा रही है।

---

# 4597 शिकायतों में से 3840 का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। प्रत्येक नागरिक को सरकारी सेवाओं का लाभ मिले। इसी उद्देश्य से जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का एक सार्थक कदम है, जिसके माध्यम से आमजन की शिकायतों का प्रभावी रूप से समाधान हो रहा है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याओं का निदान कर रहे थे। विधायक ने डीसी अभिषेक मीणा के लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। डीसी ने बताया कि समाधान शिविर में अब तक कुल 4597 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 3840 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है और लंबित 123 शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इन शिकायतों का किया गया निदान समाधान शिविर में रामपुरा में बिजली की तारें बदलवाने, गांव मोहदीनपुर में निमार्णाधीन हेल्थ केयर सेंटर से बिजली की लाइन हटवाने और बीपीएल कॉलोनी में लाइट लगवाने, गांव लिसान में पीने के पानी की सप्लाई घर तक न आने, गांव साल्हावास में पीने के पानी की सप्लाई न होन व गांव पाली में अवैध प्लाटिंग की शिकायत रखी गई। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने म्यूजियम खोलने सहित अन्य मांगे रखी।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व डीसी अभिषेक मीणा।

**ये रहे मौजूद**

इसके अलावा पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी, फैमली आईडी, अवैध कब्जा व पुलिस संबंधित आई शिकायत पर डीसी ने मौके पर निपटान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोढी, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी पवन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

---

# राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए महाराष्ट्र रवाना हुए खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

छठी सब जूनियर व सीनियर बी राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 30 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक ध्रुव ग्लोबल स्कूल संगमनेर महाराष्ट्र में किया जा रहा है।

चैंपियनशिप के लिए हरियाणा से 30 खिलाड़ियों व 2 कोच सहित 32 लोगों का दल महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डा. युद्धवीर में प्रतियोगिता में 12 इवेंट्स का आयोजन होगा, जिसके लिए राज्य का विशेष प्रशिक्षण कैंप हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में सोनीपत में लगाया गया। मुख्य कोच राष्ट्रीय स्ट्राइक खिलाड़ी कमल व महिला कोच सरोज बाला ने कैंप में प्रशिक्षण दिया। डा. युद्धवीर ने बताया कि योगासन खेल स्पोर्ट्स एसोसिएशन, जोकि हरियाणा ओलंपिक संघ का एसोसिएट मेंबर है व हरियाणा में राज्य खेलों में योगासन खेल को शामिल किया गया है। ग्रेडेशन बनने से खिलाड़ियों को नौकरी में भी सहयोग मिलेगा। चैंपियनशिप के लिए रवाना हुए खिलाड़ियों का योगासन भारत व वर्ल्ड योगासन के महासचिव डा. जयदीप आर्य ने वर्चुअल माध्यम से उत्साहवर्धन किया।



रेवाड़ी। राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए महाराष्ट रवाना होते खिलाड़ी।

---

# कई संगठन अरावली बचाने के लिए सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अरावली बचाओ आंदोलन समिति के तत्वावधान में सोमवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में अभी हाल में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के परिपेक्ष में केंद्र सरकार के रुख पर कन्वेंशन का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण प्रेमी, प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व एडवोकेट्स सहित अनेक नागरिकों ने हिस्सा लिया। कन्वेंशन का संचालन कैलाश चंद ने किया व अध्यक्षता रिटायर्ड बीईओ राजकुमार जलवा ने की।

इस मौके पर बार के अधिवक्ता राजेंद्र सिंह ने बताया कि 20 नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मानते हुए, यह फैसला दिया कि केवल वही अरावली की परिभाषा में आएगी, जिनकी ऊंचाई 100 मीटर या इससे ज्यादा है। इस फैसले से 90 प्रतिशत पहाड़िया अरावली से बाहर हो जाएगी। सुमनलता ने कहा कि अरावली के अस्तित्व में ही हमारा अस्तित्व बना रहेगा। रिटायर्ड ईओ मनोज यादव ने कहा कि यह फैसला जन हित में नहीं है। हेमंत शेखावत ने कहा कि अगर अरावली की यह परिभाषा लागू होती है तो सारा क्षेत्र थार में तब्दील हो जाएगा। एडवोकेट अजय सिंह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला अवैध खनन को वैध रूप देने वाला है। अभय सिंह फिदेड़ी ने कहा कि अरावली पर्वतमाला खत्म होने से प्राकृतिक संतुलन व सौंदर्य खत्म हो जाएगा। किसान नेता रामकुमार ने कहा कि अरावली वर्षा होने का कारण बनती है, बरसाती पानी रिचार्ज होता है, उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पर्यावरणप्रेमी अमर सिंह राजपुरा ने पर्यावरण पर कविता पाठ किया। सरपंच प्रतिनिधि भगवानपुर अनिल ने आंदोलन को समर्थन दिया। बिजेंद्र सिंह ने कहा कि पहले प्रकृति ने हमको बचाया, अब समय आ गया कि हमें प्रकृति को बचाना है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम न्यायालय 20 नवंबर के फैसले को रद करें या संसद की ओर से विशेष सत्र बुलाकर फैसलें को रद किया जाए। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वत माला बचाओ आंदोलन जारी रहेगा।



रेवाड़ी। सुभाष पार्क में मौजूद संगठनों के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह प्रधान, राकेश कुमार, विवेक, अजमेर सिंह, पवन कुमार एडवोकेट, सुधीर कुमार एडवोकेट, मोहर सिंह, बीरेंद्र सिंह फौजी, राजकुमार, धर्मपाल, राहुल, राजेश कुमार, यमनलता, सत्यवीर सिंह, मोहिंदर खोल, सतपाल किसान नेता, पृथ्वी सिंह व ओमप्रकाश सैन सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।*

---

# किसान 31 दिसंबर तक करा सकते रबी की फसलों का बीमा



. **रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने जिला के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यानि पीएमएफबीवाई का लाभ लेने के लिए रबी फसलों का बीमा करवाने का आह्वान किया है। पीएमएफबीवाई के तहत 2025-26 के लिए रबी की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौजूदा 2025-26 रबी सीजन में गेहूं, चना, सरसों, जौ और सूरजमुखी फसलों का बीमा किया जा रहा है। किसान की ओर से रबी फसलों का देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत रहेगा तथा शेष प्रीमियम का भुगतान राज्य और केंद्र सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि फसल कटाई के 14 दिनों के अंदर नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर दिया जाएगा। डीसी ने बताया बताया कि प्रति एकड़ के हिसाब से गेहूं की फसल के लिए बीमित राशि 32523.80 रुपए और किसान द्वारा दी जाने वाली प्रीमियम राशि 487.86 रुपए, चना के लिए बीमित राशि 15986.31 रुपए और प्रीमियम राशि 239.79, जौ के लिए बीमित राशि 20727.21 रुपए और प्रीमियम राशि 310.91 रुपए, सरसों के लिए बीमित राशि 21829.57 रुपए और प्रीमियम राशि 327.44 रुपए तथा सूरजमुखी फसल के लिए बीमित राशि 22050.13 और किसान द्वारा दिए जाने वाली प्रीमियम राशि 330.75 रुपए निर्धारित की गई हैं। किसान आधार कार्ड, बैंक पासबुक, नवीनतम भूमि रिकॉर्ड-जमाबंदी, बुआई प्रमाण पत्र तथा मेरी फसल मेरा ब्यौरा सहित संबंधित बैंक या सीएससी केंद्र के माध्यम से बीमा करा सकते हैं।

# छात्राओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**रेवाड़ी ।** सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में बालिकाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मॉर्निंग ग्लोरी पब्लिक सोसायटी की ओर से किया गया, जिसमें बावल कंपनी बावल ने सीएसआर गतिविधि के तहत सहयोग दिया। इस मौके पर डा. रवीना ने कक्षा 5वीं से 12वीं तक की 203 छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित स्वच्छता व स्वास्थ्य की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता के महत्व को समझाने तथा स्वास्थ्य संबंधी सही आदतों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कंपनी से फैक्ट्री मैनेजर अमित यादव, सदस्य रिजवान सैफी, अमर टैपरे, विकास कुमार व प्रवीण कुमार उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए कंपनी व सोसायटी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

---

# नशा शरीर, परिवार और समाज का बड़ा शत्रु

हरिभूमि न्यूज ▶▶. रेवाड़ी

पुलिस की ओर से नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे है। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने सोमवार को समर वैली पब्लिक स्कूल गांव भांडोर, गवर्नमेंट स्कूल गांव चांदावास व बोहतवास अहीर में विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। इसलिए सभी विद्यार्थी पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहे। उन्होंने युवाओं को अभियान से जुड़ने का आह्वान भी किया तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

पुलिए टीम ने विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी। पुलिस टीम ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचित करें।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों का शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम।

---

# एससी किसानों को ट्रैक्टर पर मिलेगा 50 % अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को एसबी-89 स्कीम के तहत ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को 45 या अधिक हार्स पावर के ट्रैक्टर पर कीमत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 300000 रुपए अनुदान राशी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक किसान 15 जनवरी 2026 तक एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। विभाग के उप निदेशक डा. बलवंत सहारण ने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जाति के किसानों की आय बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति के किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होने अनिवार्य है। लाभार्थी हरियाणा राज्य का निवासी होना चाहिए। लाभार्थी ने पिछले 5 वर्षो के दौरान विभाग की किसी भी योजना के अन्तर्गत ट्रैक्टर पर अनुदान का लाभ न लिया हो। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाभार्थियों का चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

**लाभर्थियों को लिए जरूरी निर्देश**



चयनित किसान को कृषि विभाग द्वारा अनुमोदित अपने मनपसन्द ट्रैक्टर निमार्ताओं से ट्रैक्टर खरीदकर बिल व अन्य आवश्यक दस्तावेज 15 दिन के अन्दर सहायक कृषि अभियंता, उप कृषि निदेशक कार्यालय में जमा कराने होंगे। ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय कार्यकारीणी कमेटी द्वारा किया जाएगा व अनुदान राशी का भुगतान सीधे किसान के खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कीम के तहत अनुदान प्राप्त करने वाले किसान इन ट्रैक्टरों को अगले 5 वर्ष तक बेच नहीं सकेंगे। इस बारे में लाभार्थी किसान को सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में शपथ पत्र भी देना होगा। यदि लाभार्थी किसान 5 वर्ष से पहले ट्रैक्टर बेचता है तो उसे ब्याज सहित अनुदान राशी विभाग को लौटानी होगी।